




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 249 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 23 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया



हमारे प्रिय

कुणाल सोमानी



को आज जन्म दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु- आशीष नवाल, भारतसिंह तोमर, संदीप बारोदिया, प्रीतमसिंह सौलंकी, पिन्टू शर्मा, संजीव परमार, श्याम ग्वाला, प्रांजल शर्मा, रोहित शुक्ला ।


## डेढ़ माह में ढाई करोड़ के वाहन चोरी

### जिले में बाइक चोर गिरोह सक्रिय, मुख्य सरगनाओं तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस

### अब तो घरों के बाहर और खेतों में भी सुरक्षित नहीं वाहन

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** अब तक बस स्टैंड जैसे क्षेत्रों से बाइक चोरी होने की वारदातें सामने आती थी। लेकिन, अब तो घर या खेत या कॉलोनी में भी वाहन सुरक्षित नही है। जिलेभर में वाहन चोरों की गैंग सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग डेढ़ माह में 28 वाहन चोरी हो चुके हैं। अगर शो रूम के हिसाब से वाहनों की कीमत आंकी जाए तो ढाई करोड़ रूपए के वाहन चोरी हो चुके हैं। चोरी हुए वाहनों में कई नामी कंपनियों के वाहन हैं। लॉकिंग सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं। इस दौरान खेत, घर व कॉलोनी से भी बाइक चोरी के मामले आए।

इसमें 6 जून को गुरर्जबर्डिया से भंवरलाल सूर्यवंशी के खेत से बाइक एमपी14जेडए 4548 चोरी हो गई। पांच जून को पंजाबी कॉलोनी भानपुरा से बाइक क्रमांक एमपी14 जेडबी1417 चोरी हो गई। 01 जून को पावटी स्थित घर से विक्रमसिंह की बाइक एमपी 17 एमवाय1084 चोरी हो गई। वहीं 30 मई को मंदसौर के नेहरू बस स्टैंड, सीतामऊ के बोहरा कॉलोनी, शामगढ़ के कुरावन, 26 मई को शामगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर, 24 मई को नपा कॉम्प्लेक्स गरोठ के बाहर से, 22 मई को डीगांवमाली, 21 को बड़वन, 18 को झलारा, 15 मई को नाहर सैयद तालाब किनारे समेत ऐसे कई स्थानों से बाइक चोरी के मामले सामने आए।

#### कई तो रिपोर्ट कराने भी नहीं जाते...

शहर में 30 फीसदी लोग बाइक खरीदते समय ही बीमा कराते हैं। इसके बाद ध्यान नहीं देते। इधर बाइक चालान करते समय भी पुलिस इनसे वास्ता नहीं रखती। केवल पैसे लेकर गाड़िं छोड़ देती है। बाइक मालिक दूसरी बार बीमा कराने नहीं जाते। इसीलिए चोरी होने के बाद ऐसे लोग रिपोर्ट दर्ज कराने भी थाने नहीं जाते।

#### ढीले पड़ जाते हैं पुलिसवाले, तब चोरों की बन आती है...

किसी एरिया में यदि बाइक चोरी के मामले अधिक आए तो संबंधित थाने की पुलिस वहां नजर रखने तो जाती है, पर एक दो दिन बाद निगरानी बंद हो जाती है। चोर भी इस बात को जानते हैं। पुलिस चोरों को तभी दबोच सकती है, जब वह बाइक लेकर जा रहा हो। घूमते हुए चोरों की पहचान नहीं हो पाती।



#### वाहन चोरी की कुछ और वारदातों पर एक नजर

✻18 जून को खानपुरा से गजराकुंवर की बाइक एमपी- 14-जेडई 8711 चोरी। 17 जून: कंबल केंद्र रोड से मनोज रत्नावत की बाइक एमपी- 14- एनएफ- 4908 चोरी। ✻ 16 जून को मल्हारगढ़ के देवरा चौक से देवीलाल की बाइक क्रमांक एमपी- 14-एमक्यू-0801 चोरी। ✻ 15 जून को मंदसौर के नारायणनगर से बाइक क्रमांक एमपी- 14-एनए-6798 चोरी। इसी दिन हतुनिया से रामकिशन की बाइक चोरी। ✻ 12 जून को गरोठ के देथलीखुर्द से रामपाल मीणा की बाइक चोरी। ✻ 10 जून को भानपुरा के ओसारा के घनश्याम जटिया की बाइक चोरी। इसी दिन पिपलियामंडी से बाइक क्रमांक एमपी- 14-एमएफ-8151 चोरी। ✻ 8 जून को सुचित्रा टॉकीज के सामने से बाइक क्रमांक एमपी- 14-एमजी-9109 चोरी। ✻ 6 जून को मुंदेड़ी से बाइक क्रमांक एमपी- 14-जेडबी-3328 व एमपी- 14-एनबी-6524 चोरी।

#### कबाड़ दुकानों में खप रही बाइक...

चोरी की अधिकांश बाइक कबाड़ियों के पास खपाई जाती हैं। कबाड़ी एक बाइक दो से तीन हजार रुपए में खरीदकर उसका एक एक-एक पार्ट्स अलग कर देते हैं। इनका हर पुर्जा अलग कर इंजन व कीमती सामान को मैकेनिकों के पास बेच देते हैं। विशेषकर जिले में चोरी होने वाली बाइक को अन्यत्र जिले में बेचा जाता है।

#### अपनी बाइक की सुरक्षा के लिए ये उपाय करना होगा

✻ बाइक में कार की तरह बाइक में भी सेंटर लॉक लगा सकते हैं। यदि कोई आपके बाइक के करीब आएगा या दूसरी चाबी का उपयोग करेगा तो अलर्ट के सिंग्नल के रूप में आवाज आने लगेगी। ✻ लॉक की हमेशा जांच कराते रहें, चार पांच महीने बाद इसे बदलना न भूलें। बार-बार चाबी लगाने से लाक के भीतर का हिस्सा घिस जाता है फिर उसमें कोई भी चाबी काम करने लगती है। ✻ संभव हो तो गाड़ी को स्टैंड में खड़ी करिए, यदि आसपास इसकी व्यवस्था नहीं हो तो चक्कों को भी लाक कर रखें। इसके लिए अलग से राउंड लाक लेकर चलें। ✻ गाड़ी के कागजात दुरुस्त रखें ताकि चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज करा सकें। साथ ही बीमा क्लेम भी कर सकें। ✻ गाड़ी पर बार बार नजर रखें, यदि किसी की गतिविधियां संदिग्ध लगे तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

## जैल वार्ड में छलके जाम..!

### आरक्षकों पर शराब पीने का आरोप, अस्पताल स्टॉफ के साथ गाली गलौज

### पुलिस कप्तान ने दो आरक्षको को किया निलंबित

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल के जैल वार्ड में बीती शुक्रवार - शनिवार की दरमियानी रात जमकर जाम छलकने की खबरे मिल रही है। जाम छलकाने का आरोप वहां पदस्थ पुलिस वालो पर ही है। आरोप है कि एक कैदी को यहां एडमीट किया था। उसके लिए आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। यहीं बैठकर आरक्षकों ने शराब पी। इसके बाद हंगामा कर अस्पताल के स्टॉफ के साथ गाली गलौज की। इस मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस संबंध में स्टॉफ ने सिविल सर्जन डॉ डीके शर्मा को लिखीत में शिकायत भी की है। मामले में पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने दो आरक्षको को निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक जीतेंद्र त्रिवेदी की जैल वार्ड में ड्यूटी थी। इसके अलावा अस्पताल में आरक्षक विशाल और आरक्षक अनिल भी थे। आरोप है कि आरक्षकों ने जैल वार्ड में शराब पी। आरोप है कि इन्होंने स्टॉफ के साथ गाली गलौज कर झूमाझपटी भी की। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली




पुलिस मौके पर पहुंची। यहां लोगों ने हंगामा करते आरक्षकों का वीडियो भी बनाया। इसके बाद यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि आरक्षक शराब के नशे में थे। इधर स्टॉफ ने आवेदन के जरिए सिविल सर्जन को शिकायत की है।

शनिवार सुबह अस्पताल स्टाफ ने एक आवेदन कोतवाली पुलिस को दिया। मामले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अस्पताल स्टाफ और पुलिसकर्मियों के बीच झूमा-झटकी हो रही है। दोपहर में पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार बड़े अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कैदी की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। शुक्रवार रात जेल वार्ड में कचरा डालने की बात को लेकर पुलिसकर्मियों का मेल नर्स अनिल कुमावत का आरक्षक विशाल, अनिल यादव और जितेंद्र त्रिवेदी से विवाद हो गया। नर्स का आरोप है कि विवाद करने वाले पुलिसकर्मियों ने शराब पी रखी थी।

#### इनका कहना...

मामले में पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि गलती दोनों पक्षों की है। लेकिन, गलत आचरण के चलते दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। सिविल सर्जन डॉ. डी के शर्मा ने बताया कि जैल वार्ड में तैनात पुलिसकर्मियों ने शराब पीकर हमारे स्टाफ के साथ विवाद किया है। नाइट ड्यूटी पर तैनात मेल नर्स ने कोतवाली में एक आवेदन दिया है। हमने पुलिस कप्तान को भी मामले से अवगत करवाया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवाए हैं।

## अपहत हुई दो नाबालिग बालिका बरामद, 2 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अपहृत हुई दो नाबालिग बालिकाओं को बरामद किया, इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया 9 जून को बही पार्श्वनाथ निवासी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका की गुमशुदगी पर पिपलिया पुलिस ने मामले की जांच कर अपहरण का केस दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने बालिका का अपहरण कर ले जाने वाले बघाना (नीमच) निवासी नन्ना उर्फ नाना उर्फ विष्णु (25) पिता कन्हैयालाल मेघवाल को उदयपुर से गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया। बाद में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में भी प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में आरोपी विष्णु को सहयोग करने वाले धानमंडी उदयपुर निवासी पुनीत पिता मोहनलाल चौहान को भी सह आरोपी बनाकर गिरफ्त में लिया है। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसी तरह नारायणगढ़ पुलिस ने 29 मई को गांव पामाखेड़ा से अपहृत हुई नाबालिक बालिका को सांडीखेड़ा (छोटीसादड़ी) बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।



## बढ़ने लगा कंजरों का आतंक

### खेजड़िया में पुलिस चौकी को पुन: स्थापित करने की मांग

**खेजड़िया, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना क्षेत्र के बागेश्वर धाम वाले खेजड़िया में पुलिस चौकी सुरक्षा की दृष्टिसे स्थापित थी। लोकसभा चुनाव में पुलिस बल की आवश्यता को देखते हुये उस वक्त यहां तैनात पुलिस बल को मंदसौर लगा दिया था। अब लोकसभा निर्वाचन हो चुके है। परिणाम भी आ चुके है। इसके बाद भी पुलिस चौकी खेजड़िया पुन: स्थापित नही हुई है। जिससे ग्रामीणो में रोष है।

खेजड़िया ओर आस- पास क्षेत्र ग्रामीणों ने बताया चुनाव के पहले हमारे यहां से पुलिस चौकी को हटाया गया। जिसे दो माह से भी ज्यादा समय हो गया है। हम सबकी तरफ से लगातार प्रयास भी किये जा रहे है। लेकिन, अभी तक खेजड़िया में स्थापित पुलिस चौकी में स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। ग्रामवासियों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में कंजरो का मूवमेंट भी रहता है। अभी तीन दिन पहले भी खेजड़िया बालाजी के पीछे अज्ञात व्यक्तियो द्वारा रात में सड़क से जाते वाहनों पर पत्थर बरसाये गए थे। जिससे खेजड़िया के एक व्यक्ति को चोट भी लगी थी। अन्य लोग भी इन पत्थरबाजो के शिकार हुए थे। ऐसे मैं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो, अधिकारियों को इस और ध्यान देकर चौकी में स्टाफ की नियुक्ति की जाना चाहिए। जिससे कि क्षेत्र के लोग परेशानी से बच सके।

## प्रदेश को धार्मिक पहचान देने की तैयारी

### भोपाल में श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम पर बनेंगे प्रवेश द्वार

**भोपाल, 22 जून गुरु एक्सप्रेस। मोहन सरकार प्रदेश को धार्मिक पहचान देने की तैयारी कर रही है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजधानी भोपाल में श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम पर प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में भी राजा भोज और राजा विक्रमादित्य के नाम पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इसी तरह भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण से जुड़े प्रदेश के स्थलों के विकास की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।**

मंत्रालय में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के अंतर्गत धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास एवं भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों के विकास की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज बैठक में हमने विस्तार से जो स्थान चिह्नित किए उनके विकास के लिए न केवल धनराशि स्वीकृत की है। बल्कि, उनको विकसित करने के लिए यथायोग्य तुरंत निर्देश हमने जारी किए हैं। साथ ही साथ भगवान श्रीराम के जहां 11 वर्ष चित्रकूट धाम में गुजरे हैं। उसके प्राधिकरण के सक्रियता के आधार पर कलेक्टर को चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के नाम पर भोपाल के प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। राजाभोज और राजा विक्रमादित्य के नाम पर भी प्रवेश द्वार बनाने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। राज्य की सीमा पर भी प्रवेश द्वार बनाए जाने की तैयारी की जाए। बाहर से आने वाले लोगों को प्रदेश की संस्कृति और धार्मिक महत्व के स्थलों की जानकारी हो सके, इसके लिए बेहतर प्रयास किए जाना जरूरी हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थल बढ़ाने के भी प्रयास हों। प्रदेश में गीता जयंती पर गीता महोत्सव मनाने की कार्ययोजना बनाएं। इसी तरह मानस जयंती भी मनाई जाए। प्रदेश में भारतीय संस्कृति एवं दर्शन को व्यापकता से आमजन तक पहुंचाया जाए। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डा. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की ब्रांडिंग की जाए...

मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों का चिह्नांकन करने और उनके विकास के लिए विद्वानों का संकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उज्जैन, मैहर, इंदौर, चित्रकूट आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। उन्होंने अन्य पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की भी बेहतर ढंग से ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

#### उज्जैन की तरह ओंकारेश्वर में ममलेश्वर मंदिर के विकास कार्य पूरे किए जाएं...

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की तर्ज पर ओंकारेश्वर में ममलेश्वर मंदिर के विकास कार्य पूरे किए जाएं। धार्मिक और पर्यटन स्थलों एवं प्रदेश में चल रहे विभिन्न कार्यों के प्रोजेक्ट से अवगत कराने के लिए भारत सरकार के मंत्रियों को आमंत्रित किया जाए। इनकी प्रसिद्धि के लिए अच्छे ढंग से कार्य किए जाएं। बड़े शहरों में कन्वेंशन सेंटर बनाए जाएं।

## चांदी दे रही अच्छा रिटर्न, एक साल में 20 फिसदी से ज्यादा मिला रिटर्न

**रतलाम/मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** सोने-चांदी के भावो में लगातार हो रही बढ़ोतरी आमजन को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, इस मामले में निवेशक मालामाल हो रहे है। बीते एक साल में निवेशकों को कीमती धातुओं से 20 से 22 फीसदी का रिटर्न मिला है। इस साल बीते छह माह में सोना 9000 रुपए प्रति दस ग्राम एवं चांदी के भाव करीब 14000 रुपए प्रति किलो बढ़ गए हैं। यानी सोने से ज्यादा चांदी अच्छा रिटर्न दे रही है। अब मंदसौर में भी सोना से ज्यादा चांदी लुभा रही है। निवेशक भी चांदी में खूब निवेश कर रहे हैं। वर्तमान में सोने के भाव 72 हजार 450 रुपए प्रति दस ग्राम है तो वहीं चांदी 87 हजार 850 रुपए प्रति किलो चल रही है।

#### क्यों है चांदी में तेजी...

चांदी का उपयोग आभूषणों में मात्र 30 फीसदी के आसपास होता है। जबकि, 70 फीसदी चांदी की मांग



औद्योगिक इकाइयों में होती है। इलेक्ट्रिक व्हीकल (इवी) सहित इलेक्ट्रिक उत्पादों में चांदी की खपत ज्यादा है। मांग और आपूर्ति में अंतर के चलते चांदी के भाव बढ़ते जा रहे हैं।

#### तीस प्रतिशत तक घटी है मांग...

सोना-चांदी के भावों में तेजी से सोना-चांदी की घरेलू सराफा बाजारों में मांग 30 फीसदी तक घटी है। बहुत ज्यादा जरूरत पर ही उपभोक्ता ज्वेलरी खरीद रहे हैं। ज्यादातर लोग पुराने जेवरातों को तुड़वाकर नए जेवर बनवा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इस तेजी के दौर में कुछ ग्राहक ऐसे भी है जो सोना-चांदी बेचकर मुनाफा कूट रहे हैं।

#### क्या कहते हैं एक्सपर्ट...

सराफा एक्सपर्ट अजय जैन कहते हैं कि सोने के भावों को भी चांदी फॉलो करती है। यानी सोने के दाम बढ़ेंगें तो चांदी भी महंगी होगी। ग्लोबल कंडीशन को देखते हुए भी देश-दुनिया के बड़े बैंक कीमती धातुओं का स्टॉक बनाते हैं। हालांकि, सोने के भाव बढ़ने से अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है।

इधर मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि सोना-चांदी के बढ़ते भावों में निवेशक पैसा लगा सकते हैं। लेकिन, आम ग्राहक को थोड़ा इंतजार करना चाहिए। हालांकि सोना-चांदी के भाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों और परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। आर्थिक विश्लेषक आदित्य जैन मनयां बताते हैं कि रुस-यू क्रेन, इजरायल-हमास जैसे देशों में लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसकी वजह से सोने का स्टॉक बढ़ रहा है।

## मानसून सक्रिय, अगले 7 दिन में बदलेगा प्रदेश का मौसम

**इंदौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद



आखिरकार मानसून ने दस्तक दे दी है। दक्षिणी मध्यप्रदेश के पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी व अनूपपुर जिलों से मानसून ने प्रवेश किया है। ऐसे में मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने आगामी 7 दिनों में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले 7 दिनों में मानसून पूरे प्रदेश पर छा सकता है और तापमान में गिरावट आने से लोगों को राहत महसूस होगी। मौसम विभाग ने आगामी 7 दिनों के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों को लेकर ये भविष्यवाणी की है।

#### आज 23 जून को मौसम का हाल...

भोपाल में 23 जून को बादल छाए रह सकते हैं। मध्यम बारिश हो सकती है। इंदौर अंचल में धूल भरी आंधी चल सकती है और बारिश हो सकती है। वहीं ग्वालियर में भी तेज आंधी चलने के साथ बारिश हो सकती है। जबलपुर में तेज बारिश हो सकती है। तेज आंधी चल सकती है।

#### 24 जून को भोपाल में छाए रहेंगे बादल...

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठमौसम विज्ञानी वेद प्रकाश सिंह ने बताया, 24 जून को भी भोपाल में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। इंदौर और आसपास के अंचल में अच्छी बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी। हल्की उमस महसूस हो सकती है। ग्वालियर अंचल में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। जबलपुर में अच्छी बारिश हो सकती है।

#### 25 जून को मौसम का हाल...

मौसम विभाग की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 25 जून को भोपाल में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं और बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में आंधी चल सकती है। मौसम के कुछ ऐसे ही हालात इंदौर, ग्वालियर में निर्मित हो सकते हैं। जबलपुर में अच्छी बारिश हो सकती है।

#### 26 जून को यह रह सकता है मौसम का हाल...

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठमौसम विज्ञानी वेद प्रकाश सिंह ने बताया, 26 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे तथा वर्षा, आंधी या धूल भरी आंधी की संभावना है। इंदौर में हल्की बारिश हो सकती है। ग्वालियर में सामान्य बादल छाए रहेंगे। तेज आंधी चल सकती है। जबलपुर अंचल के कुछ जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है।

#### 27 जून को प्रमुख शहरों का मौसम...

27 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मानसून दस्तक दे देगा और अच्छी बारिश हो सकती है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर अंचल के जिलों में बारिश हो सकती है। हवा में नमी बढ़ने से तापमान में ठंडक महसूस होगी। ग्वालियर में सामान्य बादल छाए रह सकते हैं। कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

## मौसम: बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट

### अंचल में जल्द पहुंचेगा मानसून, प्रदेश में हो गई इंट्री

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र के कई जिलों में मानसून की इंट्री हो गई है। जिले में अगले चार-पांच दिन बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को जिले में प्री मानसून की बारिश हुई। इससे तापमान में भी गिरावट आई है। शनिवार को भी मौसम सुहावना रहा। कहीं-कहीं बूंदाबांदी तो कहीं अच्छी बारिश होती रही। इससे अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले 48 घण्टो में मानसून अंचल में पहुंच जाएगा। इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद मौसम विभाग ने जताई है।

शनिवार को भी दिनभर गर्मी और उमस का असर रहा। धूप भी खिली रही। हालांकि दोपहर बाद आसमान पर बादल छाए। जो बारिश का संकेत दे रहे थे। शहर सहित अंचल में अनेक स्थानो पर कहीं बूंदाबांदी तो कहीं अच्छी बारिश दर्ज की गई। इधर आज रविवार को भी गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, भोपाल, इंदौर, जबलपुर संभाग में अब मानसून पहुंचेगा। इसके बाद अन्य जिलों में आएगा। सबसे आखरी में ग्वालियर-चंबल में मानसून पहुंच सकता है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा। इसे लेकर अब तक पॉजिटिव फीडबैक मिल रहा है।

शुक्रवार को भानपुरा में तेज बारिश हुई। पहली बारिश में ही बड़ा महादेव का झरना भी शुरू हो गया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। करीब 150 फीट ऊंचाई से गिरती धारा को देखने व प्रकृति की सुंदरता निहारने यहां पर्यटक पहुंचने लगे हैं। बता दें कि भानपुरा तहसील क्षेत्र में पतासी घाटी के बीच बड़ा महादेव मंदिर है। प्रकृति के अनुपम सौंदर्य के बीच महादेव के दर्शन करने के लिए बारिश में हजारों लोग पहुंचते हैं। यहां जलधारा महादेव का अभिषेक करती है। बड़ा महादेव झरना 150 फीट की उंचाई से यहां स्थित कुंड में गिरता है।



# एटूजेड जैन इलेवन ने खेली 14 ओवर में 162 रनों की धुआंधार पारी, टीम फाइनल में पहुंची

## नाइट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रीमियर लीग का आज होगा फाइनल मुकाबला

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी समाज एवं युवा संगठन द्वारा दशपुर नगरी में प्रथम बार नाइट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रीमियर लीग के दूसरे दिन गुर्जर इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन ने अपने-अपने मैच जीते। जिसमें एटूजेड इलेवन ने अपने सभी मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष बंकट सोमानी, सचिव गोपाल पसारी, समाजसेवी सुरेश सोमानी, कवि विनोद गगरानी, राजेश कासट, नवीन सोमानी उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया तथा माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित इस टूर्नामेंट की सराहना की। आयोजन कर्ता अनूप माहेश्वरी व अंकित माहेश्वरी ने बताया कि टूर्नामेंट के दूसरे दिन माहेश्वरी ब्लास्टर व गुर्जर इलेवन के बीच मैच हुआ। जिसमें गुर्जर इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 14 ओवर में 115 रन बनाये। जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए माहेश्वरी ब्लॉस्टर 64 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। गुर्जर इलेवन ने 51 रनों से जीता। जिसके मैन ऑफ द मैच राहुल गुर्जर रहे। द्वितीय मैच एटूजेड जैन इलेवन व रायल सिंधी इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एटूजेड इलेवन ने धुआंधार खेलते हुए 14 ओवर में 162 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सचिन गांधी ने 35 बॉल में 63 रन व यशपाल राका ने 24 बाल में 45 रन की आतिशी पारी खेली। जवाब में रायल सिंधी इलेवन 124 रन पर ऑलआउट हो गई। पिंकेश गुरुबक्षाणी ने 23 गेंद में 32 रन व हिमांशु चंदवानी ने 27 गेंद में 35 रन का योगदान दिया। एटूजेड इलेवन 38 रन से विजय प्राप्त की। मैन ऑफ द मैच सचिन गांधी रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज 23 जून को सायं 7.30 बजे से खेला जाएगा। संचालन सीए रोहन सोमानी व अनूप माहेश्वरी ने किया एवं आभार अंकित माहेश्वरी ने माना। इस अवसर पर कोच पंकज परवाल, नवीन सोमानी, पंकज डागा, सतीश सोमानी, मुकेश लड्ढा, पत्रकार राहुल सोनी, कृष्णकुमार जाखेटिया, नंदकिशोर डांगरा, मंगलेश सोमानी, रोहित सोमानी, संदीप मण्डोवरा, श्यामसुंदर सोमानी, डॉ. रोहित सोमानी, इंजि. भावेश गगरानी, धीरज लड्ढा, हर्ष तोषनीवाल, गोपाल तोषनीवाल, बंटी माहेश्वरी, माधव सोमानी, लखन सोमानी, अंशुल मुंदड़ा, अभिषेक परवाल, पवन बांगड़, प्रदीप डांगरा, रचित मुंदड़ा, किशन साबु, गोपी साबु, आदि उपस्थित रहे।

# नवयुवक बच्चों का आध्यात्मिक शिविर संपन्न

## शिविर में सोशल मीडिया से दूरी बनाना एवं किताबो के प्रति बच्चो में रुचि बढ़ाने पर दिया जोर



**मनासा, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला माहेश्वरी युवा संगठन एवं माहेश्वरी नवयुवक मंडल मनासा के तत्वाधान में मनासा नगर में पहली बार आवासीय बाल संस्कार शिविर का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शिविर में नीमच, रतनगढ़, सिंगोली व मनासा के 08 वर्ष से लगाकर 15 वर्ष की 45 बालिकाएं एवं 75 बालक शिविर में शामिल हुए। सुबह 10 बजे से रात्रि 9:45 बजे तक शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर पूजा आरती से किया गया। उसके बाद संस्कृति खेल, चरित्र निर्माण एवं आध्यात्मिक सत्र, ओपन पेंटिंग, सेल्फ डिफेंस, खेल कूद के साथ साथ सांय करीब 07 बजे नगर में चल समारोह के साथ सभी बच्चो को द्वारकाधीश मंदिर ले जाया गया, वहा आरती, संध्या प्रार्थना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया। रात्रि भोजन के बाद डी.जे. की मधुर धुन पर भजनों के साथ डांस के बाद विश्राम किया गया। शिविर के दूसरे दिन प्रात: योग प्राणायाम, मेडिटेशन के बाद सुबह 08 बजे से 11 बजे तक स्विमिंग पूल में बच्चो को तैरना सिखाया गया। विश्राम और भोजन के पश्चात बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे क्लास का प्रशिक्षण एवं गुड़ टच बेड टच के बारे में बताया गया। स्वास्थ के प्रति जागरूकता को लेकर बाल विशेषज्ञ एवं दंत विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शिविर में आए बच्चो को खाने पीने से लगाकर स्वास्थ संबंधित समझाइश दी गई। शिविर के समापन पर क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, जिलाध्यक्ष सुनील गगरानी, बृजमोहन समदानी, सुरेश बसेर, प्रद्युम्न मारू व समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे।

**शिविर के माध्यम से सोशल मीडिया से दूरी बनाने का दिया संदेश-** वर्तमान में जहां एक और आधुनिक युग की चका चौंध की दुनिया में सोशल मीडिया आदमी के जीवन का एक अहम हिस्सा हो चुका है। जिस प्रकार से पति-पत्नी का रिश्ता होता है, उसी प्रकार से एक आदमी का रिश्ता मोबाइल से हो गया है। जहां परिवार में पांच लोग सदस्य होते हैं वो मोबाइल के चलते एक दूसरे से बातचीत तक नही कर पाते हैं। इसी के चलते कई बच्चे परिवार और अपनो से पिछड़ते जा रहे हैं इनके कारण बच्चो में कई गतिविधिया ऐसी हो रही है जिसमे बच्चे गलत नशे के शिकार हो रहे है। ऐसे में मनासा की माहेश्वरी समाज के जिला युवा संगठन अध्यक्ष मोहित सारडा एवं नवयुवक मंडल के युवा अध्यक्ष चिराग बसेर की सूझबूझ काम आई और एक अनूठा प्रोग्राम रखा जिसमे जिले के 120 बच्चो ने शिविर में भाग लिया इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह था कि हम सोशल मीडिया व मोबाइल से दूरी बना सके, क्योंकि आज के समय में जहां मोबाइल जरूरी भी हैं इसका सदुपयोग भी है लेकिन वही इसके दुष्परिणाम ज्यादा है। ऐसे में कैसे सोशल मीडिया की चका चौंध और मोबाइल से दूर रहकर भी अपने काम अच्छे से कर सकते है उसके लिए बच्चो को एक शिविर के माध्यम से रखा, दो दिन तक उनके मोबाइल से उनकी दूरी बनाए रखी कैसे उनके मोबाइल के बगैर उनकी सुबह होती है और कैसे बगैर मोबाइल उनकी शाम होती है उनकी दिनचर्या कैसे होती है किताबो से बच्चो की दूरी होने का क्या कारण रहा। इन सब बातो का शिविर में विशेष रूप से ध्यान दिया गया। कही न कही एक अच्छी शुरुआत माहेश्वरी समाज मनासा के नवयुवक मंडल के युवाओं द्वारा की गई, जब हमने जानकारी प्राप्त की तो कई अन्य समाज में इस माहेश्वरी समाज के कार्यक्रम को काफी सराहा और कहा कि इस तरह के आयोजन नगर की सभी समाजों को अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम करना चाहिए और सामाजिक रूप से इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा मिलना चाहिए। आज के समय में जब हम देखते हैं की दो साल के बच्चे भी आज मोबाइल के बगैर नहीं रह पाते हैं ऐसे में इस प्रकार के शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। शिविर में भाग लेने वाले बच्चो को उपहार स्वरुप तुलसी का पौधा वितरित किया गया और उनको संदेश दिया गया की वह अपने अपने जन्मदिवस पर अपने क्षेत्र में आसपास पर्यावरण को बढ़ावा दे एवं विलुप्त होते जा रही ओषधि रूपी तुलसी के पौधे को अपने घरों में लगाए।

# आज एक लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक

**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में 23 से 25 जून 2024 तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारीयॉ पूरी कर ली गई है।

इस अभियान के तहत जिले में लक्षित आयु वर्ग 0 से 5 वर्ष के एक लाख 6 हजार 349 बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाई जाऐगी। जिले में 802 पल्सपोलियो बूथ स्थापित किये जाकर 1604 कर्मचारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु वेक्सीनेटर नियुक्त किया गया है। वेक्सीनेटर्स के कार्य के पर्यवेक्षण हेतु जिले में 107 पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। नगरीय क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टेण्ड रेल्वे स्टेशन पर 21 ट्रांजिट बूथ तथा 18 मोबाईल टीमें भी लगाई गई है, जो आवागमन में बाहर से आने जाने बच्चों को तथा निर्माण कार्य क्षेत्र में बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलायेगें। तीन दिवस चलने वाले इस अभियान में प्रथम दिवस बूथ पर एवं द्वितीय व तृतीय दिवस को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी।

**सभी बच्चों को पोलियों की खुराक अवश्य पिलवाएं**-कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिले के सभी नागरिकों, अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को आज 23 जून को नजदीकी पोलियों टीकाकरण बूथ पर ले जाकर, दो बूंद जिन्द गी की पोलियों खुराक अवश्य पिलवाने की अपील की है। कलेक्टथर ने कहा कि सभी नागरिक पल्सज पोलियों टीकाकरण अभियान में सहभागी बने और यह देखे कि कोई भी बच्चाह पोलियों खुराक पीने से वंचित ना रहे। यदि उनके आस पडोस मोहल्ले में कोई बच्चाच पोलियों खुराक पीने से शेष रहे, तो उसके अभिभावकों को प्रेरित कर, बूथ पर ले जाकर, पोलियो खुराक अवश्यि पिलवाये। कलेक्टरर श्री जैन ने कहा, कि स्वरस्‍थ समाज निर्माण के लिए जरूरी है, कि हम सभी बच्चों को पोलियों खुराक पिलाकर, पोलियों से सुरक्षित करने में सहभागी बने।

# बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** शौच के लिए गई नाबालिग बालिका से छेडछाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार गांव बालागुढ़ा में शनिवार को सुबह 7 बजे करीब शौच के लिए गई 16 वर्षीय बालिका के साथ गांव के लालसिंह (42) पिता मोहनलाल बावरी ने छेड़छाड़ की व हाथ पकड़कर जबरदस्ती झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। बालिका ने बताया ने परिजनों को बताया बमुश्किल मैं लालसिंह के चंगुल से भागकर आई। बाद में परिजनों के साथ बालिका ने पिपलिया पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई। टीआई नीरज सारवान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेडछाड़ सहित पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी लालसिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जिसे जेल भेजने के आदेश हुए।

# आयकर कार्यालय में मनाया विश्व योग दिवस



**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** आयकर कार्यालय मंदसौर में आयकर अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रोटोकॉल के साथ योग क्रियाये योगा ट्रेनर प्रीति जैन ने करवाई। इस अवसर पर आयकर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

इस आयोजन में आयकर अधिकारी संजीव कुमार ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिये योग आवश्यक है। योग से न सिर्फ स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। सीए शाखा मंदसौर के चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने कहा कि योग्य करने से बड़ी-बड़ी बीमारी शरीर से दूर रहती है. योग से शरीर स्वस्थ रहता है. प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए। योगा ट्रेनर प्रीति जैन ने योगासन करवाते हुए बताया कि कैसे हम योग के माध्यम से गंभीर बीमारियों पर भी काबू पा सकते हैं और जीवन दिनचर्या में योग को अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सीए राजेश मण्डवारिया ने किया व आभार आयकर निरीक्षक तरूण शर्मा ने माना। इस अवसर पर सीए विकास भण्डारी, सीए नयन जैन, सीए नितेश भदादा, सीए रोहन सोमानी, सीए अर्पित नागर, सीए सत्यनारायण काला, सीए रचित जैन, सीए चेतन गुप्ता, श्रीमती मनीषा मण्डवारिया, आयुषी नागर, निकिता भदादा, ज्योति काला, दिक्षिता जैन सहित आयकर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** विश्व संगीत एवं योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश शासन एवं शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर के विद्यार्थी कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में उपस्थित श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। संगीत महाविद्यालय के शिक्षक श्री निशांत शर्मा(तबला) श्री अतुल साकेत(गायन) एवं श्रीमती सन्नाली शर्मा(कथक) के निर्देशन में शास्त्रीय गायन श्री चेतन दर्जी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें राग भीमपलासी में बड़ा ख्याल एवम छोटा ख्याल प्रस्तुत करने के पश्चात एक मीरा का भजन प्रस्तुत किया गया।तत्पश्चात युगल तबला वादन श्री नयन चौहान श्री विश्वेश पवार द्वारा ताल तीनताल में परंपरा के अनुसार प्रस्तुत किया गया। अंतिम प्रस्तुति समूह कथक नृत्य की रही जो की कु. धनिष्ठा व्यास कु. सलोनी ढेबाना, कु.मासूम देववाणी, कु. राधिका साकल्ले, कु. हीया सोनी, कु. हिमांगी जोशी द्वारा दी गई जिसमें सर्वप्रथम शिव वंदना इसके बाद ताल तीनताल में विलंबित, मध्य, द्रुत लय में प्रस्तुति देख सभी मोहित हो गए।उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थी कलाकारों की प्रस्तुतियों को बहुत सराहा। संगीत महाविद्यालय की सफल प्रस्तुतियां हेतु प्राचार्य प्रो. उषा अग्रवाल जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेंद्र त्रिवेदी एवम महाविद्यालय के शिक्षक श्री दीपक कुमार राव,नितेश राठौर, डॉ. अल्पना रानी गांधी सभी ने विद्यार्थी कलाकारों को बधाई दी।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नूतन हाई स्कूल में योग शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** सर्वोच्च न्यायालय एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के कर्मचारीगण के द्वारा शासकीय नूतन हाई स्कूल मंदसौर के सभागृह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर के अंतर्गत योग शिक्षक श्री बंशीलाल टांक एवं श्री हितेश सोनी के द्वारा योग प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के प्राणायाम एवं विभिन्न प्रकार की योग मुद्राओं का अभ्यास करवाते हुए कुशल योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। योग शिविर में जिला न्यायाधीश डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, श्री विशाल शर्मा, श्री सुरेशसिंह जमरा, अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# प्रतिबंध के बावजूद हो रहा था नलकूप खनन, बोरवेल जप्त

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** बिना अनुमति के नलकूप खनन करने पर पुलिस ने भूमिस्वामी, बोरवेल चालक, मालिक सहित 4 के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद गांव जोगनी में मदनलाल पिता मांगीलाल बावरी द्वारा नलकूप खनन कराया जा रहा था। तहसीलदार की रिपोर्ट पर मल्हारगढ़ पुलिस ने मदनलाल के साथ ही बोरवेल चालक सेमलोपुरा (रठाजना, प्रतापगढ़) निवासी बद्रीलाल पिता मांगीलाल मीणा, सहायक वाहन के चालक नालीखेड़ा (पिपलियामंडी) निवासी लक्ष्मीनारायण पाटीदार व दोनों वाहनों के मालिक नालीखेड़ा निवासी भरत पिता प्यारचंद पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों मशीनों को जब्त किया।

# पुरानी रंजिश को लेकर पीटा, 3 भाईयों पर केस

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन भाईयों पर केस दर्ज किया। बोतलगंज निवासी फज्जू रहमान न्यारगर ने पिलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश को लेकर शेकु पिता नन्नू न्यारगर, इजहार पिता नन्नू न्यारगर व साबिर पिता नन्नू न्यारगर ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तीनों भाईयों पर केस दर्ज किया।



# संगीत आनंद की अनुभूति प्रदान करता है-गुर्जर

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** संगीत आनंद की अनुभुति प्रदान करता हैं ये विचार माननीय राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल जी गुर्जर ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। विश्व योग एवं संगीत दिवस के उपलक्ष्य में लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, मन्दसौर में दिनांक 21/06/2024 शुक्रवार को आयोजित संगीत सभा में शासकीय आनंद संगीत महाविद्यालय, धार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुती दी गई। सबसे पहले कु. यशस्विनी मुरूमकर कु. नीतीशा राठौड, कु. भूमिका टांक, कु. प्रियांशी वैष्णव एवं प्रथम नाहर ने राग यमन में बड़ा ख्याल मेरा मन बांध लीनो रे एवं छोटा ख्याल - सखी ऐरी आली पिया बिना में गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी। द्वितीय प्रस्तुति में अथर्व रावल, श्री विजय पटेल, श्री आदर्श राठौर एवं श्री वृषभ राठौर ने शास्त्रीय समूह तबला वादन से तीनताल में प्रस्तुति दी। इसमें इन्होंने पेशकार, कायदे व चक्रदार परन आदि की का सुन्दर वादन किया। इन कलाकारों के साथ हार्मोनियम डॉ. पं. देशराज वशिष्ठने हार्मोनियम एवं वॉयलिन तथा श्री पंकज राठौर ने तबला पर सुन्दर संगत की। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल जी गुर्जर, माननीय नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने दीप प्रज्ञवलन कर किया। प्राचार्य डॉ. उषा अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेन्द्र त्रिवेदी ने आभार प्रदर्शन किया।

# पाटीदार अध्यक्ष एवं बोराणा सचिव नियुक्त

**नारायणगढ़, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद हेतु श्री विमल पाटीदार (गरीमा) एवं सचिव पद हेतु नरेंद्र सिंह बोराणा (सांवलिया) को निर्विरोध नियुक्त किया गया। विस्तृत जानकारी अनुसार स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक दिनांक 22 जून 2024, शनिवार को स्थानीय विश्रांति गृह मनासा रोड, नारायणगढ पर रखी गई, जिसमें सभी केमिस्ट बंधुओ ने पूर्ण रूप से उपस्थिति दर्ज कराते हुए व्यापार-व्यवसाय की समस्याओं पर समाधान हेतु चर्चा की। इसी दौरान स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन में नवीनीकरण हेतु सर्वसहमति से श्री विमल पाटीदार को अध्यक्ष एवं श्री नरेंद्र बोराणा को सचिव चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी केमिस्ट बंधुओ द्वारा माला पहनाकर बधाई प्रेषित की।

# दलौदा मण्डी में सोनावत विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**दलौदा, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी दलौदा में विधायक श्री विपिन जैन ने अपने प्रतिनिधि के रूप में जगदीश सोनावत को नियुक्त किया गया। नियुक्ति लेटर व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री नितिन जैन के नेतृत्व में मंडी सचिव श्री हीरालाल मालवीय को देकर अवगत कराया गया। जगदीश सोनावत ने विधायक श्री जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित नितिन जैन, नबिनूर मंसूरी, गोपाल पाटीदार, उप सरपंच शिवनारायण सोनावत, श्याम सोनावत, राधेश्याम पटेल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष पुष्कर पाटीदार, भागीरथ सोनावत, आशीष जैन, नारायण पाटीदार, पंकज जोशी, अनोखीलाल लखनसिंह, कमलेश पाटीदार, लक्ष्मीनारायण धाकड, गोविंद जी राठौर, इलियास मंसूरी ने जगदीश सोनावत को बधाई दी।

# प्रभात पाराशर ने किया आपदा प्रबंधन पुस्तिका का विमोचन



**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर कार्यालय (भू-अभिलेख) नीमच व्दांरा नीमच जिले में वर्ष 2024-25 की आपदा प्रबंधन कार्य योजना पर आधारित आपदा प्रबंधन पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है। नीमच प्रवास पर आए भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ (सेवानिवृत्ता) अधिकारी श्री प्रभात पाराशर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में शनिवार को इस आपदा प्रबंधन पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर कलेक्टपर श्री दिनेश जैन, एडीएम श्रीमती लक्ष्मीस गामड, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे सहित अन्यि अधिकारी उपस्थित थे।

नीमच जिले की आपदा प्रबंधन की पुस्तिका में नीमच जिले का मानचित्र, वर्षा की जानकारी, अतिवृष्टिसे प्रभावित हॉट स्पॉट की सूची, संभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की सूची, वर्षा ऋतु में क्रियाशील पिकनिक स्पॉट की सूची, राज्य एवं जिला स्तरीय बाढ नियंत्रण कंट्रोल रूम की जानकारी, जिले में उपलब्ध जेसीबी, ट्रेक्टार, डम्पर आदि की जानकारी, संभावित बाढ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा के लिए गठित चिकित्सो दल,अलग-अलग चिकित्सालयों में उपलब्ध स्नै क बाइट टीकों की सूची, मत्स्य महासंघ गांधीसागर के अधिकारियों के नाम, पदनाम एवं मोबाईल नम्बंर, जिले के पुलिस अधिकारियों, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के नाम एवं दूरभाष नम्बर, सभी जिला अधिकारियों, स्वैच्छीक संगठनों की जानकारी, आपदा से निपटने के उपाय, बाढ आपदा प्रबंधन की एसओपी, दामिनी एप्प्, मौसम विज्ञान विभाग व्दारा मौसम एप्प, आग से सुरक्षा के तरिके आदि जानकारी उपलब्ध कराई गई है। यह पुस्तिका आपदा प्रबंधन के कार्य में सभी के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

# आज तीन केंद्रों पर होगी राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

## संभागीय पर्यवेक्षक प्रभात पाराशर ने नीमच में राज्य सेवा परीक्षा तैयारियों की समीक्षा की





**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.राज्य सेवा एवं राज्यी वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024, नीमच में आज 23 जून 2024 को दो सत्रों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक जिला मुख्यानलय के तीन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा केन्द्र शा.कन्याो.उ.मा.वि.नीमच (कोठी स्कूल) नीमच पर 250 परीक्षार्थी, शा.बा.उ.मा.वि.क्रमाक-2 नीमच पर 500 परीक्षार्थी, श्री सीताराम जाजू कन्याथ महाविद्यालय नीमच 302 परीक्षार्थी इस तरह कुल 1052 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। यह जानकारी राज्यी सेवा आयोग व्द्रा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस (सेवानिवृत्त) श्री प्रभात पाराशर की अध्य क्षता में कलेक्टोरेट नीमच में शनिवार को आयोजित राज्यि सेवा एवं राज्या वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दी गई।

बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एवं परीक्षा प्रभारी सुश्री किरण आंजना सहित सभी परीक्षा केंद्र प्रभारी, केंद्राध्यातक्ष एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अवगत कराया कि राज्य सेवा आयोग के निर्देशानुसार रविवार को होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर की व्यवस्था भी गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए चिकित्सा दल भी तैनात किए गए है। साथ ही सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई है। संभागीय पर्यवेक्षक श्री पाराशर ने नीमच जिले में की गई परीक्षा तैयारियों को संतोषजनक बताया। प्रांरभ में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एवं अन्य अधिकारियों ने श्री पाराशर को पुष्प गुच्छ भेंटकर, स्वागत किया। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

**संभागीय पर्यवेक्षक श्री पाराशर ने नीमच में किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण-** म.प्र.राज्य सेवा आयोग के संभागीय पर्यवेक्षक श्री प्रभात पाराशर ने शनिवार को नीमच में म.प्र.राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा एवं म.प्र.राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए स्थापित सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रविवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। श्री पाराशर ने परीक्षा केंद्र शा.क.उ. मा.वि. कोठी स्कूल नीमच, शा.बा.उ.मा.वि.क्र.-2 नीमच एवं श्री सीताराम जाजू शा.क.मा.वि. नीमच में स्थापित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया तथा परीक्षा कक्षों में जाकर, परीक्षार्थियों की बैठक व्यंवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर डिप्टीं कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी उपस्थित थे। उल्लैखनीय है, कि म.प्र.राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024, नीमच में आज 23 जून 2024 को दो सत्रों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक जिला मुख्यालय के तीन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा केन्द्र शा.कन्याा.उ.मा.वि.नीमच (कोठी स्कूल) नीमच पर 250 परीक्षार्थी, शा.बा.उ.मा. वि.क्रमाक-2 नीमच पर 500 परीक्षार्थी, श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच 302 परीक्षार्थी इस तरह कुल 1052 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है।



# जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में ऑनलाइन गेमिंग और फर्टिलाइजर पर टैक्स कम करने पर चर्चा हुई

**नई दिल्ली, 22 जून।** जीएसटी काउंसिल की 53वीं मीटिंग आज शनिवार 22 जून को हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की अध्यक्षता की। इस मीटिंग में ऑनलाइन गेमिंग पर और फर्टिलाइजर पर टैक्स कम करने पर चर्चा हुई।

अभी फर्टिलाइजर पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है, जबकि सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनिया जैसे कच्चे माल पर 18त्न त्रस्ञ्ज लगता है। फर्टिलाइजर पर टैक्स कम करने का मुद्दा सितंबर 2021 और जून 2022 में हुई 45वीं और 47वीं मीटिंग में रखा गया था। इस मीटिंग में जीएसटी स्ट्रक्चर को सुव्यवस्थित करने, अनुपालन बढ़ाने और इंडस्ट्री की चिंताओं को सुलझाने के मकसद से भी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई है। निर्मला सीतारमण ने औपचारिक रूप से केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के ठीक एक दिन बाद, जीएसटी काउंसिल ने 53वीं जीएसटी काउंसिल की मीटिंग की तारीख की घोषणा की थी।

**अक्टूबर की मीटिंग में ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत टैक्स लगाया था**–जीएसटी काउंसिल की पिछली मीटिंग 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी। इस मीटिंग में, जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया था।

**मीटिंग में लिए गए थे ये अहम फैसले**–✼ सभी तरह की जरी वाली चीजों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया है। ✼ इंडस्ट्रियल इस्तेमाल में आने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। ✼ प्रोमोटर को अपनी कंपनी के लिए कॉरपोरेट गारंटी देने पर जीएसटी नहीं देना होगा। ✼ ऑनलाइन गेमिंग पर जो फैसला पहले लिया था, सरकार उस पर ही चलेगी। ✼ जीएसटी एपीलेट ट्रिब्यूनल में प्रेसिडेंट की अधिकतम उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल की गई। ✼ जीएसटी एपीलेट ट्रिब्यूनल में सदस्य के लिए अधिकतम उम्र 65 से बढ़ाकर 67 साल की।

**सरकार ने मई में जीएसटी 1।73 लाख करोड़ रुपए जुटाए**–सरकार ने मई 2024 में त्रस्ञ्ज से 1।73 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। ये अब तक का किसी भी महीने जुटाया गया चौथा और वित्त वर्ष 2024-25 का दूसरा हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन था। इससे पहले सरकार ने अप्रैल 2024 में जीएसटी से सबसे ज्यादा 2।10 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। सालाना आधार पर ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

**सीजीएसटी 32,409 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 40,265 करोड़ रुपए रहा**–वित्त मंत्रालय के अनुसार, मई के 1,72,739 करोड़ के जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 32,409 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 40,265 करोड़ रुपए रहा। आईजीएसटी 87,781 करोड़ रुपए (माल के आयात पर कलेक्ट किए 39,879 करोड़ रुपए सहित) और सेस 12,284 करोड़ रुपए रहा। सेस में माल के आयात से मिले 1,076 करोड़ रुपए शामिल हैं।

# नर्सिंग काउंसिल की बर्खास्त रजिस्ट्रार सुनीता शिजू को मिला था अफसरों का संरक्षण

**भोपाल, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त रुख के बाद नर्सिंग काउंसिल की तत्कालीन रजिस्ट्रार सुनीता शिजू को अब भले ही बर्खास्त कर दिया गया है, लेकिन इसके पहले उन्हें अधिकारियों का खूब संरक्षण मिला।

**रजिस्ट्रार पद की योग्यता नहीं**–रजिस्ट्रार पद के लिए जरूरी 15 वर्ष की सेवा और 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव नहीं होने के बाद भी उन्हें पदस्थ किया गया था। सुनीता शिजू ने हाई कोर्ट को भी गुमराह किया था। उन्होंने अगस्त 2022 में कोर्ट को बताया था कि मापदंड के अनुसार 49 कॉलेजों की मान्यता जारी की गई है, जबकि ये कॉलेज मापदंड के अनुसार नहीं थे।

**नर्सिंग कॉलेजों में गड़बड़ी**–नर्सिंग कॉलेजों में गड़बडी को लेकर हाई कोर्ट में याचिका लगाने वाले लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने मौके पर ही ऐसे 10 कॉलेजों की पूरे तथ्यों के साथ जानकारी कोर्ट के सामने रख दी थी, जो मापदंड के अनुसार संचालित नहीं हो रहे थे। इसके बाद ही हाई कोर्ट ने शिजू को निलंबित करने के लिए कहा था। निलंबन के बाद उन्हें विदिशा मेडिकल कॉलेज में अटैच किया गया था, पर वरिष्ठ अधिकारियों की मेहरबानी ऐसी रही की सुनीता शिजू की ओर से अपर मुख्य सचिव को दिए आवेदन पर अटैचमेंट के अगले ही दिन उन्हें संचालनालय में पदस्थ कर दिया गया, जबकि यहां स्टाफ नर्स का कोई काम ही नहीं था। शिजू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उनका निलंबन स्थगित कर दिया था। उधर, लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन ने हाई कोर्ट में उन्हें संचालनालय में अटैचमेंट पर आपत्ति की तो उसके बाद उन्हें दतिया मेडिकल कॉलेज पदस्थ किया गया। शिजू के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू की गई, लेकिन यह सिर्फ खानापूर्ति ही रही।

कोर्ट के समक्ष जब कमजोर विभागीय जांच का मामला संज्ञान में लाया गया तो दोबारा जांच शुरू की गई। अगली मेहरबानी यह रही कि डीन मेडिकल कॉलेज भोपाल द्वारा 20 जुलाई 2023 को आरोप पत्र और चार अगस्त 2023 को अतिरिक्त अधिरोपित आरोप पत्र दिया गया, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद तत्कालीन रजिस्ट्रारों सहित कालेजों की जांच करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिया गया। इसके बाद पहली बड़ी कार्रवाई सुनीता शिजू की बर्खास्तगी हुई है। बता दें कि सुनीता शिजू मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल में रजिस्ट्रार के पद पर 22 सितंबर 2021 से 24 अगस्त 2022 तक पदस्थ थी। इस अवधि में नर्सिंग संस्थाओं की मान्यता प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं होने के कारण उन्हें 21 जून को बर्खास्त किया गया है।

# सभी राजस्व अधिकारी बकाया राजस्व की वसूली को प्राथमिकता दे-जैन

**कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में की समीक्षा**



**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों में बकाया, भू-राजस्वप की वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। राजस्व वर्ष के प्रथम छह माह में ही शतप्रतिशत बकाया राजस्व की वसूली करें। जरूरत होने पर भू-राजस्व वसूली के लिए शिविर भी लगवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सभी एसडीएम, डिप्टीर कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने तहसीलवार आर.सी.एम.एस. में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा में निर्देश दिए कि बंटवारा, नामांतरण के प्रकरण समय-सीमा में निराकृत किए जाए। 6 माह से अधिक अवधि का कोई भी नामांतरण प्रकरण लंबित ना रहे। बैठक में कलेक्ट र ने राजस्वभ, वन, भूमि, सीमा, विवाद रास्तास विवाद, के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने और सार्वजनिक स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

# वर्षा पूर्व पौधारोपण की तैयारी पूरी करें-गुरुप्रसाद

**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत नीमच के सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने जनपद जावद सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, 15 वां वित्त आयोग, आदि की समीक्षा के दौरान योजनाओं में प्रगति लाने के लिए सभी सचिवों एवं सहायक सचिवों को निर्देशित किया। बैठक में मनरेगा के तहत लेबर नियोजन में न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं सहायक सचिवों को 15 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा लेबर नियोजन में अच्छी प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की सीईओ गुरुप्रसाद ने प्रशंसा की। मनरेगा अन्तर्गत लेबर नियोजन की प्रगति बढाने ,प्रत्येक ग्राम पंचायत में एनआरएम संबंधित 20 कार्यो को (जैसे-डगआउट पोंड, परकोलेशन टैंक, खेत तालाब, तालाब, मियांबाकी वृक्षारोपाण, निर्मल नीर आदि) प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवासों को पूर्ण करवाने एवं आवास हितग्राहियों को मनरेगा अन्तर्गत व्यक्तिगत साकपीट निर्माण



करवाने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में मनरेगा योजना से न्यूनतम 200 पौधा रोपण किया जावे तथा जहां वृक्षा रोपण किया जा रहा है वहां 15 वां वित्त/5 वां वित्त से बरसात पूर्व वायर फैंसिंग अनिवार्य रूप से कराई जावे।

ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत को प्राप्त 15 वां वित्त की टाईट फंड की राशि से वाटर कूलर, आरओ, नवीन पार्क विकसित करने, शांतिधाम सौंदर्यीकरण केकार्य करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि जो ग्राम पंचायत सचिव/सहायक सचिव लेबर नियोजन की प्रगति में 15 दिवस में सुधार नहीं करते है तथा 15 वां वित्त की राशि का उपयोग 30 जुलाई तक नहीं करते है, उन ग्राम पंचायत सचिवों/सहायक सचिवों के विरूद्ध अनुसाशानात्क कार्यवाही की जावेगी। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि सहायक/उपयंत्री ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यो का निरीक्षण करें एवं अपूर्ण आंगनवाडी भवनों को 15 जुलाई तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने की चर्चा...**

# एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी और पशुओं में गलघोंटू रोग को लेकर दिए सुझाव

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने खेती किसानी से जुडे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। आपने आगामी मानसून सीजन एवं सोयाबीन फसल को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण सुझावों से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत करवाया। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने मॉनसून सीजन में पशुओं में होने वाले गलघोंटू रोग एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल की खरीदी को लेकर अपने सुझाव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रखे।



शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन हुआ। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर इस कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहे। आपने खेती किसानी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ध्यानाकर्षण करवाया। श्री गुर्जर ने बताया कि बारिश के सीजन में पशुओं में गलघोंटू रोग की अधिकता हो जाती है। इससे मूक पशु तो प्रभावित होता ही है, पशुपालकों को भी बडी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार यह रोग पशुओं के लिए जानलेवा साबित होता है। ऐसे में पशुपालकों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो जाती है। आपने मुख्यमंत्री डॉ यादव से आग्रह किया कि इस संबंध में टीकाकरण एवं उपचार सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान करें। समय पर उपचार और टीकाकरण से पशुओं को तो रोग में बचाव मिलेगा ही, यह कदम पशुपालकों के लिए भी लाभकारी होगा। सांसद श्री गुर्जर ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी को लेकर भी मुख्यमंत्री डॉ यादव का ध्यान आकर्षण करवाया। आपने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार ने किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाते हुए खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया है। सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपए हो गया है। ऐसे में यदि बाजार में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर फसल विक्रय की स्थिति बनती है तो सरकार स्वयं किसानो की सोयाबीन खरीदी के लिए मैदान में आए। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर सोयाबीन खरीदी सुनिश्चित की जाए। श्री गुर्जर ने कहा कि सोयाबीन फसल मध्य प्रदेश की प्रमुख फसलों में शामिल है। इसने न सिर्फ किसानों को आर्थिक उन्नति की राह दी है, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी इसके बहुतायत में उत्पादन ने सहयोग दिया है।

## उधार सामान नही दिया तो पीटा, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** उधार समान नही देने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने दो भाईयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जोधा पिपलिया निवासी अनिल पिता अनारसिंह डांगी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी किराने की दुकान पर दिलीप पिता रामेश्वर डांगी व उसका भाई जुझार डांगी सामान उधार लेने आए, मैंने पहले की उधारी के रुपए जमा कराने की बोला तो दोनों ने गाली-गलौज की व मारपीट की बीच-बचाव करने आई मेरी दादी रामप्रसादीबाई के साथ भी धक्का-मुक्की की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## नमकीन लेने गए युवक को पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** नमकीन लेने गए युवक के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया। अब्दापुर निवासी करणसिंह पिता रामलाल मीणा ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज क राई कि मैं संजीत में अशोक राठौर की दुकान पर नमकीन लेने गया वहां संजीत निवासी शकील उर्फ डेनी व शाहरुख भानेज मिले, गाली-गलौज कर बोले यहां क्यों खडा है। दोनो ने लात-घुसों से पीटा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## देरी से दफ्तर आने वाले शासकीय सेवकों पर सरकार सख्त



**भोपाल, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** देरी से दफ्तर आने वाले शासकीय कर्मचारियों को लेकर सरकार सख्ती बरतने जा रही है। ऐसे कर्मचारियों को अब मोबाइल ऐप के माध्यम से जियो अटेंडेंस दर्ज करनी होगी। राजस्व विभाग पटवारियों के लिए यह व्यवस्था लागू करने जा रहा है, जिसके बाद वे अपने पदस्थापना स्थल से गायब नहीं हो सकेंगे।

**रोज देर से आते हैं कुछ कर्मचारी**–यह व्यवस्था अन्य विभागों के जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर भी लागू की जाएगी। राज्य सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि कई कर्मचारी समय पर दफ्तर में उपस्थित नहीं होते हैं। कुछ कर्मचारी तो नियमित रूप से देरी से आ रहे हैं। अब ऐसे कर्मचारियों की मोबाइल बेस्ड अटेंडेंस करेंट लोकेशन के साथ दर्ज होगी।

**कर्मचारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**–राज्य सरकार ने देरी से दफ्तर आने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा है कि आदतन देर से आने और दफ्तर से जल्दी जाने वाले कर्मचारियों के मामले को संबंधित सक्षम अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए।

**क्या है जियो अटेंडेंस**–जियो अटेंडेंस एक स्मार्ट मॉनिटरिंग टूल है, जो कर्मचारियों की उपस्थिति को जियो-लोकेशन के साथ ट्रैक करता है और फील्ड स्टाफ के साथ-साथ ऑन-साइट सपोर्ट स्टॉफ के लिए उनकी तस्वीर के साथ टैग किया जाता है।

# अनुभव और ज्ञान से भविष्य के चिकित्सकों को सिंचित करने वाले प्राध्यापको का पूर्व विधायक सिसोदिया ने किया स्वागत

**श्री सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज मंदसौर में डीन, प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर का आगमन हुआ, 150 चिकित्सा विद्यार्थियों का होगा शीघ्र प्रवेश**

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने कदम आगे बढ़ा लिए हैं श्री सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज का भवन पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और अनुभव से सिंचित करने के लिए डीन,प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक की पदस्थापना हो चुकी है,उनका मंदसौर में आगमन हो गया है जिला चिकित्सालय में सेवाएं भी कर दी है। मंदसौर आने वाले सभी चिकित्सकों का पूर्व विधायक और भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वागत किया और शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि मंदसौर के मेडिकल कॉलेज से चिकित्सक बनकर निकलने वाले छात्र पूरे देश मे नाम रोशन करेंगे।

पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्री सिसोदिया ने कहा कि स्वप्न साकार हुआ है, संकल्प पूरा हुआ है। पूरे मंदसौर के लिए यह गर्व एवं प्रसन्नता के क्षण है कि श्री सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है, 150 विद्यार्थियों की पहले बेच शीघ्र ही प्रवेश लेने वाली है इन्हें अपने ज्ञान और अनुभव से सिंचित कर एक कुशल चिकित्सक बनने के लिए 35 से अधिक प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर आ चुके हैं उन्होंने अपनी सेवाएं जिला चिकित्सालय मंदसौर में देना प्रारंभ कर दी है। श्री सिसोदिया ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की उपलब्धि मंदसौर को मिलने



से न केवल भगवान पशुपतिनाथ की नगरी से कुशल चिकित्सक बनेंगे बल्कि मंदसौर वासियो को भी इसका लाभ मिलेगा। अब मंदसौर के जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा क्योंकि मेडिकल कॉलेज के माध्यम से विषय विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मंदसौर मेडिकल कॉलेज में जिस गति से निर्माण कार्य हुआ है वह प्रशंसनीय है। आपने मेडिकल कॉलेज की सौगात देने एवं निर्माण विकास कार्य की निरंतरता और नियुक्ति शीघ्रता से करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पूर्व चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला, क्षेत्र के वरिष्ठ सांसद सुधीर गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कॉलेज की डीन डॉ श्रीमति शशि गांधी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री चौहान, सिविल सर्जन डॉक्टर डी.के शर्मा, भारतीय जनता पार्टी कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, मंडल अजय आसेरी, राकी यादव, नितिन ब्रीजवानी, विनोद डगवार, निरांत बग्गा, प्रहलाद डगवार, सहित पदाधिकरी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ✼ नाम परिवर्तन ✼

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज़ेहरा पति हुसैनी ने अपना नाम परिवर्तन कर ज़ेहरा टीनवाला पति हुसैनी कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम ज़ेहरा टीनवाला पति हुसैनी के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।**

**पता- हाउस नं.20, बोहरा बाखल गली, मंदसौर (म.प्र.) 458001**

**तेजकरण गेहलोत (बी.कॉम.एल.एल.बी.) एडव्होकेट**

कार्यालय :- माहेश्वरी धर्मशाला के पास, नयापुरा रोड, मन्दसौर (म.प्र.)
निवास- 104, भगवती निवास, भागवत नगर, मन्दसौर (म.प्र.)
मोबाईल नंबर- 98275-77073 E-mail-tejkaran51@gmail.com

दिनांक:-22.06.2024

## // जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पक्षकारा ने श्री वल्लभ सिंह पिता नाथू सिंहजी सिसोदिया, निवासी महावीर कालोनी, गीता भवन रोड़, मन्दसौर से उनके आधिपत्य का एक मकान क्रमांक 24 स्थित महावीर कालोनी, गीता भवन रोड़, मन्दसौर में स्थित है. को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशी अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र श्री वल्लभ सिंह पिता नाथू सिंहजी सिसोदिया द्वारा हमारी पक्षकारा के पक्ष में निष्पादित किया है।

यह कि उक्त मकान बाबत किसी भी बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या दिगर किसी व्यक्ति का हक, हिस्सा, ऋण भार बोझ आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि पश्चात हमारे पक्षकारण विक्रेता श्री वल्लभ सिंह पिता नाथू सिंहजी सिसोदिया को शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हक में करवा लेंगें, इसके पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है:: चतुर्सीमा :- पूर्व में-लालघाटी मार्ग। पश्चिम में-रमेशजी राठौर का मकान। उत्तर में-गीता भवन रोड़। दक्षिण में-मालपानीजी की दुकान व मकान।

भवदीय
तेजकरण गेहलोत
अभिभाषक, मन्दसौर (म.प्र.) वास्ते पक्षकार

**मनासा पुलिस को मिली सफलता, पिकअप वाहन से मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते...**

# दो युवक गिरफ्तार, 400 किलो डोडाचूरा जप्त

**मनासा, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान में नीमच जिला पुलिस मुख्यालय से नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर नीमच जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा समस्त सभी अनुविभागीय अधिकारीयों व थाना प्रभारीयों को जिले में मादक पदार्थ की तस्करी रोकने तथा नशामुक्ति के लिये प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन.एस. सिसोदिया व मनासा एसडीओपी विमलेश उईके के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में मनासा पुलिस द्वारा पीकअप वाहन से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 22.06.2024 को थाना मनासा पर पदस्थ उप निरीक्षक निलेश सोलंकी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक अशोक लिलेंट कंपनी की सफेद रंग की पीकअप जिसके आगे जय श्री महांकाल लिखा है तथा नंबर प्लेट पर एमपी 09 जेड.जेड. 0437 लिखे है पीकअप को



साबिर पिता मोहम्मद सईद,जाति मुसलमान, निवासी विनोबा नगर इंदौर का चला रहा है तथा साईड सुभाष पिता रामकिशन यादव, निवासी सेगवाल, जिला बडवानी का बेठा है तथा पीकअप मे खाली प्लास्टिक के केरेट के निचे प्लास्टिक के कट्टो मे डोडाचुरा भरा है तथा पीकअप के आगे आगे विक्की गोड, निवासी इंदौर व उसका साथी पीकअप की निगरानी करते हुये पीकअप के आगे आगे चल रहे है। जो कुकडेश्वर तरफ से मनासा होते हुये राजस्थान तरफ जाने वाले है। अगर तुरंत अंबिका टायर वाले के कुए के पास स्थित आमरोड पर सगस बावजी के स्थान के यहा नाकाबंदी की जावे तो डोडाचुरा व पीकअप तथा साबिर व सुभाष तथा आगे आगे निगरानी कर रहे विक्की गोड व उसका साथी प्लसर गाडी सहीत पकडे जा सकते है सूचना पर सगस बावजी के स्थान के पास रामपुरा रोड हाडीपिपल्या पर कार्यवाही करते हुए आरोपीगण साबिर पिता मोहम्मद सईद, जाति मुसलमान, उम्र 31 साल, निवासी विनोबा नगर इंदौर थाना तिलक नगर व सुभाष पिता रामकिशन यादव, उम्र 38 साल, निवासी भीलट बाबा के पास सेगवाल थाना ठीकरी, जिला बड्वानी हाल मुकाम खाती वाला टैंक सीता पेलेस इंदौर को घेराबंदी कर रोका तथा पीकअप के आगे निगरानी कर रहे दो व्यक्ति पल्सर वाहन से भागे, जिस पकडने का प्रयास किया जो मोके से फरार हो गये तथा गिरफ्तार आरोपी साबिर व सुभाष के कब्जे वाले पीकअप वाहन से 400 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व पीकअप जप्त किया जाकर मोके की कार्यवाही कर आरोपीयों के विरूध्द अपराध धारा 8 / 15,29 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है तथा आरोपी से मादक पदार्थ के स्त्रोत संबंध में पुछताछ जारी है। जप्त मश्रुका में 400 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 2000000 व एक अशोक लीलेण्ड पीकअप एमपी 09 जेड.जेड. 0437 किमती 800000रू, दो मोबाईल फोन किमती 20000 जप्त किये गए। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मनासा व उनकी टीम उप निरिक्षक निलेश सोलंकी, प्रधान आरक्षक प्रदिप शिंदे सायबर नीमच, आर. विवेक धनगर, आर. धर्मेन्द्र सिह, आर. अनिल असवार, आर. दिपक सेन, आर. अनिल धाकड, आर. हेमंतसिंह, आर. लाखनसिंह सायबर, आर. कुलदिपसिंह सायबर, सेनिक घनश्याम राठोड का महत्वपुर्ण योगदान रहा है।

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

रविवार 23 जून को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✼ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✼ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✼ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✼ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✼ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✼ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✼ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✼ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✼ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✼ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in